>

Title: Need to provide citizenship to the persons displaced from Pakistan and migrated to India.

श्री अर्जुन राम मेघवाल (बीकानेर): सभापति महोदय, आपने मुझे बहुत महत्वपूर्ण विषय पर शून्य प्रहर में बोलने का मौका दिया, इसके लिए धन्यवाद। ...(व्यवधान)

MR. CHAIRMAN: Nothing else will go on record except what Shri Meghwal says.

*(Interruptions) â€¦**

श्री अर्जुन राम मेघवाल : मैं राजस्थान के बीकानेर से चुन कर आया हूं। ...(व्यवधान) मेरा यह कहना है कि भारत में पाक विस्थापितों की कोई पॉलिसी नहीं है। ...(व्यवधान)

14.16 hrs

At this stage, Shri Dharmendra Yadav and some other

hon. Members came and stood on the floor near the Table.

...(*Interruptions*)

श्री अर्जुन राम मेघवाल : पाक विस्थापित कोई घुसपैठिये नहीं हैं। ...(व्यवधान) वे वैध पासपोर्ट एवं वीजा ले कर भारत आते हैं। ...(व्यवधान) धार्मिक संबंधों के कारण, सांस्कृतिक संबंधों के कारण एवं पारिवारिक संबंधों के कारण यह भारत आते हैं। ...(व्यवधान) रामदेवरा मंदिर, हिंगलाज माता मंदिर एवं पश्चिमी राजस्थान में स्थित है। ...(व्यवधान) पश्चिमी राजस्थान के क्षेत्र में सूफी संतों का एक जैसा प्रभाव रहा है तथा यह क्षेत्र निर्गुण भक्ति वालों का क्षेत्र रहा है। ...(व्यवधान) इसलिए इनके सांस्कृतिक संबंध मजबूत रहे। ...(व्यवधान) इसलिए ये भारत आते हैं। ...(व्यवधान) चूंकि पाकिस्तान में इनका जीवन सुरक्षित नहीं है। ...(व्यवधान) इसलिए यह भारत में आ कर शरणार्थियों जैसा जीवन जीने पर मजबूर होते हैं अन्यथा कोई भी व्यक्ति अपना घर परिवार खेतीबाड़ी व अन्य संपत्ति छोड़ना नहीं चाहता। ...(व्यवधान) जब विशेष मजबूरी होती है तब ही व्यक्ति मजबूर होता है। ...(व्यवधान) अभी तीन दिनों से जंतर-मंतर पर पाक विस्थापितों के लिए धरना चल रहा है। ...(व्यवधान) लोक सभा में नागरिकता संशोधन विधेयक - 2013, लम्बित है, जिसे पास किया जाये। ...(व्यवधान) यह मेरी मांग है।...(व्यवधान) लेकिन इसमें पाक विस्थापितों की नागरिकता देने का प्रावधान किया जाये। ...(व्यवधान) मैं भारत सरकार के गृह मंत्रालय से यह मांग करना चाहता हूं कि पाकिस्तान से विस्थापित हो कर आने वाले हिन्दुओं को नागरिकता प्रदान करने के लिए विशेष कैम्प लगाएं ताकि उनको नागरिकता मिले। ...(व्यवधान) अभी एक बिल पेंडिंग है। ...(व्यवधान) सिटिजनशीप अमेंडमेंट बिल-2013 पेंडिंग है। ...(व्यवधान) मेरा आपके माध्यम से यह कहना है कि उसका जो सैक्शन-फाइव है, उसमें अभी यह प्रावधान है :

> "A person of Indian origin, other than Pakistan and Bangladesh, who is ordinarily resident of India in any country or place outside undivided India could be registered as a citizen."

महोदय, आपके माध्यम से मेरी यह डिमांड है कि उसमें एक छोटा-सा अमेंडमेंट किया जाए कि

> "Religiously persecuted Hindu minority of Pakistan and Bangladesh should also be included as PIO Scheme."

महोदय, मैं आपके माध्यम से गृहमंत्रालय से यह मांग करता हूं कि पाकिस्तान के विस्थापितों की समस्याओं का समाधान करें और उनको नागरिकता प्रदान करें। धन्यवाद।